हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 19 जून 2026

11 भूना शहर के तालाबों की भूमि से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू




12 20 से ज्यादा सर्विस स्टेशनों पर गिरेगी गाज...



## खबर संक्षेप

### खेत में किसान को सांप ने काटा, उपचार जारी

**फतेहाबाद।** गांव महमदपुर रोही में खेत में सिंचाई करते समय एक किसान को सांप द्वारा काटने का मामला सामने आया है। सांप के डसने से किसान की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे तुरंत नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, महमदपुर रोही निवासी विनोद कुमार पुत्र आत्माराम बीती रात अपने खेत में फसलों को पानी लगा रहे थे। रात के अंधेरे में सिंचाई का कार्य करते समय अचानक एक सांप ने उनके पैर पर काट लिया।

### ट्रेन से कट कर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद क्षेत्र के गांव सूलीखेड़ा में एक 50 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन के नीचे आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान महासिंह पुत्र बनवारी लाल निवासी सूलीखेड़ा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार महासिंह ने चलती ट्रेन के नीचे आकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल भेजा गया। नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### योग मंदिर में तीन दिवसीय योग दिवस आज से

**फतेहाबाद।** रतिया रोड स्थित योग दिव्या मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी 19, 20 व 21 जून को तीन दिवसीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएम एजुकेशन के प्रधान राजीव बत्रा एवं आयुष विभाग से अंबिका पांडा 19 जून को करेंगे। इसी तरह 20 व 21 जून को भी विधिवत योगा कक्षाओं का आयोजन होगा।योग साधकों को स्वस्थ रहने के लिए योगा आसन सिखाये जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है।

### डोडा पोस्त के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जाखल पुलिस ने डोडा पोस्त के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान तलवाड़ा निवासी काला पुत्र रामचंद्र के रूप में हुई है, जिसके पास से 1 किलो 260 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया है। जाखल थाना प्रभारी सुरेश कुमार के मुताबिक, पुलिस की एक विशेष टीम अपराध नियंत्रण और गश्त के सिलसिले में गांव तलवाड़ा बस अड्डे के पास तैनात थी। इसी दौरान एक संदिग्ध शख्स हाथ में सफेद रंग की प्लास्टिक थैली लेकर आता हुआ दिखाई दिया। सामने अचानक पुलिस टीम को देखकर आरोपी घबरा गया और पीछे मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने मौके पर ही युवक दबोच लिया।

## पानी बचत व कम लागत के कारण पहली पसंद बन रही डीएसआर तकनीक

# जिले में धान की सीधी बिजाई का बढ़ा रुझान, 62,000 एकड़ तक पहुंचा दायरा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में इस बार धान की पारंपरिक रोपाई की बजाय सीधी बिजाई (डीएसआर) के प्रति किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। जल संरक्षण और कम लागत के कारण किसान इस तकनीक को तेजी से अपना रहे हैं। कृषि विभाग की ब्लॉकवार रिपोर्ट के अनुसार खरीफ सीजन-2026 के लिए जिले के 10,778 किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कराया है और कुल 62 हजार एकड़ क्षेत्र में धान की सीधी बिजाई की जाएगी। पिछले वर्ष जिले में करीब 45 हजार एकड़ क्षेत्र में डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई हुई थी, जबकि इस बार यह आंकड़ा बढ़कर 62 हजार एकड़ तक पहुंच गया है। यानी पिछले साल की तुलना में सीधी बिजाई का रकबा करीब 38 प्रतिशत तक बढ़ा है। इससे साफ है कि किसान अब कम पानी और कम खर्च वाली आधुनिक तकनीक को अपनाने के प्रति अधिक जागरूक हो रहे हैं। बता दें कि धान की सीधी बिजाई से 30 प्रतिशत पानी की बचत होती है और उत्पादन लागत में कमी आती है। इसके विपरीत उत्पादन में काफी बढ़ोतरी भी होती है। यानि कि किसान को सीधी बिजाई से फायदा ही फायदा है। प्रदेश सरकार भी डीएसआर को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रति एकड़ 4,500 रुपए की प्रोत्साहन राशि दे रही है। यह राशि केवल उन्हीं किसानों को मिलेगी, जिन्होंने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाया है। इसके अलावा सीधी बिजाई के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीनों की खरीद पर किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान भी दिया जा रहा है।

**पिछले साल के मुकाबले करीब 38 प्रतिशत बढ़ा रकबा**



फतेहाबाद। खेतों में की गई धान की सीधी बिजाई। *फोटो: हरिभूमि*

### ब्लॉकवार स्थिति

| ब्लाक | किसान | एरिया |
|---|---|---|
| भट्टूकलां | 549 | 2,150.489 एकड़ |
| भूना | 1,409 | 6,082.734 एकड़ |
| फतेहाबाद | 2,893 | 14,665.819 एकड़ |
| जाखल | 292 | 1,428.820 एकड़ |
| रतिया | 4,139 | 29,403.727 एकड़ |
| टोहाना | 1,496 | 8,278.443 एकड़ |
| कुल | 10,778 | 62,010.032 एकड़ |

### 30 प्रतिशत तक पानी की बचत

कृषि विभाग के तकनीकी अधिकारी डॉ. राजपाल सिंह के अनुसार धान की सीधी बिजाई से लगभग 30 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है। इससे मजदूरी खर्च कम होता है और फसल के झाड़ में भी लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि किसान अब डीएसआर तकनीक के प्रति जागरूक हो रहे हैं और सरकार भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। डीएसआर तकनीक का बढ़ता दायरा न केवल भूजल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, बल्कि इससे किसानों की लागत घटने और आय बढ़ने की भी उम्मीद जताई जा रही है।

### रतिया में सबसे ज्यादा सीधी बिजाई

*ब्लॉकवार आंकड़ों के अनुसार फतेहाबाद ब्लॉक में सबसे अधिक 2,893 किसानों ने पंजीकरण कराया है और 14.66 हजार एकड़ क्षेत्र डीएसआर के तहत आएगा। वहीं रतिया ब्लॉक में 4,139 किसानों ने पंजीकरण करवाया है और 29,403.727 एकड़ क्षेत्र के साथ यह ब्लॉक जिले में सबसे बड़े रकबे वाला क्षेत्र बनकर उभरा है। भूना ब्लॉक में 1,409 किसानों ने 6,082.734 एकड़, टोहाना में 1,496 किसानों ने 8,278.443 एकड़, भट्टूकलां में 549 किसानों ने 2,150.489 एकड़ तथा जाखल में 292 किसानों ने 1,428.820 एकड़ क्षेत्र का पंजीकरण कराया है।*



# घग्गर ड्रेन पर गेट और स्थायी पंप लगाने की मांग

## किसान सभा ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

- 22 को चौपटा में आंदोलन, 25 जून को सिंचाई मंत्री का घेराव किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

बारिश के मौसम से पहले हिसार घग्गर ड्रेन पर सुरक्षा एवं जल निकासी प्रबंधों को मजबूत करने की मांग को लेकर किसान सभा हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने घग्गर के पानी की वापसी रोकने के लिए जल्द गेट लगाने, ड्रेन के दोनों किनारों के बांध मजबूत करने तथा अतिरिक्त पानी की निकासी के लिए स्थायी लिफ्ट सिस्टम स्थापित करने की मांग उठाई। किसान सभा नेता राजेंद्र रूपावास ने बताया कि बारिश के सीजन से पहले हिसार घग्गर ड्रेन की व्यवस्था दुरुस्त करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि घग्गर के पानी की वापसी रोकने के लिए गेट लगाने के साथ-साथ अधिक क्षमता वाले स्थायी पंप स्थापित किए जाएं। जब तक स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक अस्थायी पंप लगाकर पानी को लिफ्ट कर घग्गर में डालने की व्यवस्था की जाए।

### दी चेतावनी

किसानों के अनुसार अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि हिसार घग्गर ड्रेन पर गेट का निर्माण कार्य अगले 10 दिनों में पूरा कर उसे स्थापित कर दिया जाएगा। किसान सभा ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इसी क्रम में 22 जून को चौपटा तहसील में प्रदर्शन किया जाएगा, जबकि 25 जून को हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर किसान सभा के महासचिव सुमित दलाल, पार्षद संदीप धीरनवास, विष्णुदत्त शर्मा, सुभाष भादू, सुरजीत, राजेंद्र भरोंखा, हमजिंदर, गुरदिता, मदन खोथ, अभिमन्यु, मोहनलाल, श्रवण मंदौरी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# 1200 नशीले कैप्सूल व 890 गोलियां बरामद

- मेडिकल नशे के मामले में पहले भी जेल जा चुका है आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

मेडिकल नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिरसा जिले में सीआईए स्टाफ कालांवाली और ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डबवाली के पंजाब बस स्टैंड क्षेत्र स्थित एक मोबाइल शॉप पर छापा मारकर भारी मात्रा में नशीली दवाइयां बरामद की हैं। पुलिस ने दुकान संचालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर के निर्देश पर 17 जून को की गई इस कार्रवाई के दौरान टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मोबाइल शॉप की तलाशी ली। तलाशी के दौरान दुकान में छिपाकर रखे गए 1200 नशीले कैप्सूल और 890 नशीली गोलियां बरामद हुईं। पूछताछ के दौरान दुकान संचालक इन दवाइयों के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।



### जांच जारी

पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान जोगिंदर सिंह के रूप में हुई है। उसे हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। मामले की जांच ड्रग कंट्रोल ऑफिसर केशव वशिष्ठ द्वारा की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार जोगिंदर सिंह का नाम पहले भी मेडिकल नशे के कारोबार में सामने आ चुका है। वर्ष 2025 में सीआईए कालांवाली ने उसे 72,400 नशीली गोलियां और कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया था। उस मामले में जेल जाने के बावजूद आरोपी के दोबारा इसी अवैध धंधे में संलिप्त पाए जाने से पुलिस भी हैरान है।

# बारिश से राहत वहीं ओलों से बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सिरसा जिले के नाथूसरी चौपटा क्षेत्र में गुरुवार को हुई बारिश से किसानों के चेहरों पर राहत नजर आई, लेकिन गांव जमाल में हुई ओलावृष्टि ने उनकी चिंता भी बढ़ा दी। दोपहर के समय करीब पांच मिनट तक हुई ओलावृष्टि से नरमा और कपास की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार चौपटा क्षेत्र के गांव जमाल के अलावा कुम्हारिया, खेड़ी, रामपुरा ढिल्लों, जोड़किया, कुतियाना और बरासरी सहित कई गांवों में बारिश हुई। कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया और खेतों में नमी बढ़ने से किसानों को राहत मिली।

गौरतलब है कि इस बार चौपटा क्षेत्र में लगभग 22 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में नरमे की खेती की गई है। इसके अलावा किसानों का रुझान मूंगफली की खेती की ओर भी बढ़ा है। ऐसे में मौसम की हर गतिविधि पर किसानों की नजर बनी हुई है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि सामान्य बारिश खरीफ फसलों के लिए लाभदायक है, लेकिन ओलावृष्टि और तेज हवाएं फसल को नुकसान पहुंचा सकती हैं। फिलहाल किसान आने वाले दिनों के मौसम पर नजर बनाए हुए हैं।

### ग्वार और बाजरे की बिजाई को मिलेगी गति

किसानों का कहना है कि इस समय फसलों के लिए बारिश बेहद जरूरी थी। किसान ओमप्रकाश, सुदेश कुमार, जगदीश और मोहनलाल ने बताया कि बारिश से ग्वार और बाजरे की बिजाई को गति मिलेगी। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को इससे काफी लाभ होगा और अब सूखी (बिरानी) जमीनों में भी आसानी से बुवाई की जा सकेगी। हालांकि किसानों ने चिंता जताई कि यदि ओलावृष्टि और तेज आंधी का दौर जारी रहा तो नरमा और कपास की फसलों को नुकसान हो सकता है। विशेषकर जमाल गांव में हुई ओलावृष्टि के प्रभाव का आकलन किया जा रहा है।

# सड़क हादसे में मिर्च मंडी के मुनीम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के शहर टोहाना में बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में 28 वर्षीय एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान लखविंद्र सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है, जो रेलवे रोड स्थित मिर्च मंडी की अंशुल ट्रेडिंग कंपनी में बतौर मुनीम कार्यरत थे। हादसा उस वक्त हुआ जब लखविंद्र देर रात अपना काम समेटकर बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। इस हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया है, क्योंकि लखविंद्र अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और वीरवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात लखविंद्र मंडी की दुकान नंबर 10 से अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक द्वारा अपने गांव अमानी के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही उनकी बाइक गांव गोविंदपुरा से थोड़ा आगे पहुंची, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

**टोहाना में देर रात हुआ दर्दनाक हादसा**



फतेहाबाद। दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल व मृतक लखविन्द्र सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

### फतेहाबाद डिपो में 2.24 लाख हैप्पी कार्ड मिले,

**फतेहाबाद।** हरियाणा रोडवेज द्वारा अंत्योदय परिवारों को प्रति वर्ष 1000 किलोमीटर तक निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान की जा रही है। फतेहाबाद डिपो में अब तक 2 लाख 24 हजार से अधिक हैप्पी कार्ड प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1 लाख 64 हजार से अधिक लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। शेष पात्र लाभार्थियों को भी निरंतर कार्ड उपलब्ध करवाए जा रहे हैं ताकि वे इस योजना का लाभ उठा सकें। बता दें कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत हरियाणा रोडवेज विभाग द्वारा आमजन को विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों और परिवहन क्षेत्र में हुए सकारात्मक बदलावों को लोगों तक पहुंचाना है।

# बेटे-बहू ने नहीं की देखभाल तो डीसी कोर्ट ने रद्द की जमीन की रजिस्ट्री

## बुजुर्ग मां को लौटाई संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

बुजुर्ग माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा को लेकर जिला उपायुक्त की अपीलीय अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए बेटे और बहू के नाम की गई कृषि भूमि की रजिस्ट्री रद्द कर दी और जमीन वापस बुजुर्ग मां के नाम करने के आदेश दिए हैं। शहर के जगजीवनपुरा निवासी 65 वर्षीय विधवा कलावती ने अपनी याचिका में बताया कि पति की मृत्यु के बाद वह बेटे विजय कुमार और बहू सुनीता के साथ रह रही थीं। उन्होंने विश्वास के आधार पर अपनी कृषि भूमि बेटे के नाम कर दी थी, इस उम्मीद के साथ कि वह उनकी देखभाल करेगा और भोजन, दवाइयों तथा रहने जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। याचिका के अनुसार जमीन अपने नाम होने के बाद बेटे-बहू का व्यवहार बदल गया। उन्होंने कथित रूप से बुजुर्ग महिला की देखभाल बंद कर दी और प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

### वादा तोड़ने पर संपत्ति हस्तांतरण शून्य घोषित

मामला पहले भरण-पोषण अधिकरण के पास पहुंचा था, जहां बुजुर्ग महिला को मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश तो दिया गया, लेकिन जमीन की रजिस्ट्री रद्द करने से इनकार कर दिया गया। इसके खिलाफ अपील दायर की। उपायुक्त एवं अपीलीय न्यायालय के अध्यक्ष डॉ. विवेक भारती तथा सदस्यों ने मामले की सुनवाई और राजस्व रिकॉर्ड के अध्ययन के बाद माना कि वरिष्ठ नागरिक के साथ किए गए वादे के अनुरूप देखभाल नहीं की गई। अदालत ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 की धारा 23 का हवाला देते हुए कहा कि यदि संपत्ति देखभाल की शर्त पर हस्तांतरित की गई हो और लाभार्थी उस शर्त का पालन न करे, तो ऐसा हस्तांतरण शून्य माना जा सकता है। अदालत ने बेटे के नाम की गई रजिस्ट्री और उसके आधार पर हुए राजस्व इंतकाल को निरस्त करते हुए पूरी भूमि वापस कलावती के नाम दर्ज करने के आदेश दिए।

### एसआईआर को लेकर हेल्प डेस्क स्थापित

**फतेहाबाद।** एसआईआर अभियान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा फतेहाबाद, टोहाना तथा रतिया विधानसभा क्षेत्र के लिए विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। इन हेल्प डेस्कों के माध्यम से मतदाताओं को अभियान से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी और सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णतः अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना है। इसके लिए जिला स्तर पर एचएसआरएलएम कार्यालय, फतेहाबाद तथा उपमंडल स्तर पर टोहाना और रतिया के एसडीएम कार्यालयों में कंट्रोल रूम एवं हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। यहां नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी मतदाताओं की समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद हेल्प डेस्क के लिए सुभाष 8307148811, विक्रम 9416309559, प्रमोद 9996447410 तथा प्रदीप नैन 7988385585 को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला को झांसे में लेकर सोने की बालियां लूटीं

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

डबवाली शहर में ठगों ने दिनदहाड़े एक बुजुर्ग महिला को अपना निशाना बनाते हुए उसके कानों से सोने की बालियां उतरवा लीं। मेन बाजार स्थित पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में हुई इस वारदात में एक महिला और दो पुरुषों के गिरोह ने 65 वर्षीय महिला को बातों में उलझाकर बेहोश कर दिया और उसके कानों से करीब एक तोला सोने की बालियां लेकर फरार हो गए। घटना के बाद महिला सदमे में आकर बेहोश हो गई। जानकारी के अनुसार पंजाब के गांव बड़िंगखेड़ा निवासी 65 वर्षीय गुल्लो देवी अपने पति खजान सिंह के साथ दवाई लेने के लिए डबवाली आई थीं। उनका पोता सुखपाल राम उन्हें बाइक पर लेकर आया था। डॉक्टर से दवाई लेने के बाद शाम करीब छह बजे वह मेन बाजार सब्जी मंडी क्षेत्र में भगत सिंह चौक के पास अपने पोते का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान एक महिला और दो पुरुष वहां पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक व्यक्ति थोड़ी दूरी पर खड़ा रहा, जबकि महिला और एक युवक गुल्लो देवी के पास बैठ गए। महिला ने बातचीत शुरू करते हुए उनके कानों में पहनी बालियों के बारे में पूछताछ की।

## बदलती जीवनशैली को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे प्रोजेक्ट, एक ही छत के नीचे मिलेंगी तमाम सुविधाएं

# सिरसा को मिलेगा नया लैंडमार्क, विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ तैयार हो रहे श्रीमत सिटी सेंटर और अमारा ग्रीन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

डबवाली रोड पर विकसित हो रहा श्रीमत सिटी सेंटर और हुड्डा सैक्टर के समीप वैदवाला रोड स्थित अमारा ग्रीन प्रोजेक्ट आने वाले समय में सिरसा की पहचान बदलने वाले साबित होंगे। इन दोनों परियोजनाओं को विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है, ताकि सिरसा को एक आधुनिक और सुविधासंपन्न शहरी स्वरूप मिल सके। यह जानकारी श्रीमत ग्रुप के प्रोजेक्ट से जुड़े विश्व प्रसिद्ध वास्तुकार एवं पद्म विभूषण सम्मानित आर्किटेक्ट हाफिज कॉन्ट्रैक्टर के सीनियर एसोसिएट निशार शेख ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता, सुरक्षा और उपभोक्ताओं की जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। श्रीमत सिटी सेंटर के डायरेक्टर राजीव जैन ने कहा कि बदलती जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए दोनों परियोजनाओं की परिकल्पना की गई है। आज लोग ऐसी जगह चाहते हैं जहां एक ही परिसर में उनकी दैनिक जरूरतों से लेकर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों।




### आधुनिक विकास को मिलेगी नई दिशा

राजीव जैन ने कहा कि परियोजना तैयार करने से पहले स्थानीय लोगों की जीवनशैली और आवश्यकताओं का विस्तृत अध्ययन किया गया। इसके बाद ऐसी सुविधाओं की योजना बनाई गई जो वर्तमान जरूरतों के साथ भविष्य की अपेक्षाओं को भी पूरा कर सकें। उन्होंने दावा किया कि दोनों परियोजनाओं में लोगों को उनकी अपेक्षाओं से बढ़कर सुविधाएं मिलेंगी। शहरवासियों में इन प्रोजेक्ट्स को लेकर खासा उत्साह है और इनके पूर्ण होने के बाद सिरसा में आधुनिक विकास की नई दिशा देखने को मिलेगी।

### अनूठी पहल

पत्रकार वार्ता में मौजूद विशेषज्ञों ने भी परियोजनाओं को सिरसा के लिए एक अनूठी पहल बताते हुए कहा कि यह पहला ऐसा विकास मॉडल होगा, जहां आवास, व्यापारिक गतिविधियों और आधुनिक सुविधाओं का समन्वय एक ही स्थान पर देखने को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि परियोजनाओं के पूरा होने के बाद सिरसा शहरी विकास के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा।




बच्चो, अगर तुम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हो तो तुम्हें नित्य योग करना होगा। इससे ना सिर्फ तुम्हारा दिमाग तेज होगा, मन भी शांत और प्रसन्न रहेगा। योग के और क्या-क्या फायदे हैं, जानो।

# नियमित करोगे योग हमेशा रहोगे निरोग



प्रेरणा
डॉ. मोनिका शर्मा

प्यारे बच्चो, हम सब फिट रहना चाहते हैं। बीमारियों के चंगुल से दूर रहना चाहते हैं। मतलब शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। यह नियमित योग करने से ही संभव है। बच्चो, एक बात और, योग एक संपूर्ण जीवनशैली है। इसमें व्यायाम के साथ ही अच्छी फूड हैबिट्स और सही दिनचर्या भी जरूरी है। ऐसा करने से ही योग करने के अनेक लाभ तुमको मिल पाएंगे।



### फिट और एक्टिव रहोगे

बच्चो, नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने में बहुत मदद मिलती है। योग अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना लो तो तुम्हारे शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी के साथ ही इम्यूनिटी भी बढ़ेगी। योग से शरीर की मसल्स मजबूत बनती हैं। इसीलिए अपना मनपसंद खेल खेलते हुए तुम्हें थकान नहीं होगी। शारीरिक ताकत लगने वाली एक्टिविटीज करने में और आनंद आएगा। भारी बस्ता उठाने वाले कंधों में बल मिलेगा। योग अभ्यास करने से बॉडी का पोश्चर भी सही रहता है। स्कूल, ट्यूशन और घर में लंबे समय तक बैठकर पढ़ने या लैपटॉप पर काम करने से पोश्चर बिगड़ जाता है। खराब मुद्रा में बैठने, खड़े होने या लेटने से गर्दन, कंधे और बैक में पेन होने लगता है। ऐसे में रोजाना आधे घंटे भी योग को अपने रूटीन का हिस्सा बना लिया जाए तो बॉडी पोश्चर सही रखा जा सकता है।

### मन रहता है शांत

योग करने से मन भी बहुत शांत रहता है। मस्तिष्क में एक संयत सक्रियता बनी रहती है, जिससे एग्जाम का स्ट्रेस, होमवर्क की टेंशन और किसी प्रतियोगिता में पीछे रह जाने का डर भी नहीं घेरता। योगासनों का अभ्यास तुम्हें पूरी एकाग्रता से अपना काम करने का मानसिक बल देता है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

बच्चो, स्कूल की गतिविधियां हों या नियमित पढ़ाई। ट्यूशन के प्रोजेक्ट्स हों या क्लासरूम में मिला होमवर्क। ये सब कुछ करने के लिए मेंटल स्ट्रेंथ बहुत जरूरी है। तुम इस बात को खुद समझते हो कि बिना थके, बिना रुके, अपने रुटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी है। मन की शक्ति से ही ऐसे हर फ्रंट पर अच्छे से परफॉर्म किया जा सकता है। योग करने से हमें यह सब करने का मानसिक बल भी मिलता है। योग से ही जुड़े प्राणायाम और मेडिटेशन के अभ्यास मन को शांत-सहज रखते हैं। किसी भी तरह के तनाव से दूर रखते हैं, जिससे अच्छी नींद आती है। चाइल्ड पोज (बालासन) नाम का आरामदायक आसन, हमारी नर्व्स को शांत कर थकान और एंग्जाइटी दूर करने में बहुत उपयोगी होता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करने वाले योग आसनों से न केवल याददाश्त बढ़ती है, फोकस्ड रहने में भी मदद मिलती है।



### बनते हैं इमोशनली स्ट्रॉन्ग

बच्चो, क्या तुम्हें भी जल्दी गुस्सा आ जाता है? कोई मजाक बनाए तो रो पड़ते हो? थोड़ी देर के लिए भी अकेले रहने में घबराहट होती है? स्विमिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग जैसी किसी नई स्किल को सीखने में डर लगता है? अगर ऐसा है तो योग को अपने रुटीन का हिस्सा बनाकर तुम इमोशनली स्ट्रॉन्ग बन सकते हो। बच्चो, इमोशनल बैलेंस से हमें किसी भी एक्टिविटी को करने में डर नहीं लगता। इमोशनली स्ट्रॉन्ग होने से हर काम को रचनात्मक ढंग से सीखने-समझने की अप्रोच आती है।

असल में योग एक सधी हुई टेक्निक-सी है। यह हमें ऊर्जावान, खुशहाल और सकारात्मक सोच का धनी बनाता है। साथ ही गुस्सा, ईर्ष्या, उदासी और डर जैसी नकारात्मक भावनाओं से भी बचाती है। *

## योग अपनाएं!


एआई इमेज

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

जीवन में हो योग योग का,
मिट जाएगा नाम रोग का।
अद्भुत शांति योग से मिलती,
खुशियाली की बगिया खिलती।
घोर तनाव सदा घटता है,
और लचीलापन बढ़ता है।
प्रतिरोधक क्षमता यह देता,
विकृतियों को है हर लेता।
मन-शरीर दोनों को जोड़े,
गलतफहमियां सारी तोड़े।
नियमित जब अभ्यास करेंगे,
तन में ऊर्जा नई भरेंगे।
ठीक देर तक कभी न सोना,
समय योग का तुम मत खोना।
सुंदर अपना स्वास्थ्य बनाएं,
बच्चो, चलो योग अपनाएं।

फीलिंग्स

# लव यू पापा!

हमारे पापा हमें बहुत प्यार करते हैं। वे हर कदम पर हमारा हौसला बढ़ाते हैं, हमें मोटिवेट और इंस्पायर करते हैं। उनके साथ बिताए गए पल स्पेशल-मेमोरेबल हो जाते हैं। फादर्स-डे के अवसर पर टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपने पापा के साथ की स्पेशल मेमोरीज, उनकी सीख **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं। यह भी बता रहे हैं, इस फादर्स-डे पर उनकी क्या खास प्लानिंग्स हैं।

### मेरे लिए पापा से बेहतर कोई नहीं : अथर खान



सोनी सब चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'हस्तिनापुर के वीर' में अथर खान किशोर युधिष्ठिर की भूमिका निभा रहा है। इस किरदार में वह दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। फादर्स-डे के खास मौके पर अथर अपने पिता से जुड़ी कुछ खूबसूरत यादों के बारे में बताता है, 'वैसे तो मेरे लिए पापा के साथ बिताया हुआ हर पल खास होता है। मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक पल वह है, जब मेरी एक बर्थ-डे पर पापा के साथ मैंने जमकर डांस किया था। हमारे रिलेटिव्स और फ्रेंड्स ने हमें चीयर किया था। मेरे लिए मेरे पापा से बेहतर कोई और नहीं हो सकता।' अपने पापा की कही कुछ बातें अथर के लिए लाइफ लेसंस की तरह हैं, ये बातें कौन-सी हैं, वह बताता है, 'पापा ने मुझे दो बहुत जरूरी बातें सिखाई हैं। पहली, अपना काम हमेशा दिल और मेहनत से करो। साथ ही काम में एक ईमानदारी भी हो। पापा की दूसरी सीख यह है कि जिंदगी में सफलता के बाद कभी घमंड नहीं करो। घमंड में आकर इंसान नीचे आना शुरू कर देता है।' फादर्स-डे के लिए अथर का क्या स्पेशल प्लान है, वह बताता है, 'इस दिन मैं पापा के साथ पूरा डे-आउट प्लान करूंगा। उनके साथ घूमूंगा, लंच और डिनर भी करूंगा।' फादर्स-डे के मौके पर अथर का अपने पापा के लिए क्या मैसेज है, वह बताता है, 'पापा, मेरे लिए आप बहुत मेहनत करते हैं। हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते हैं। पढ़ाई हो, शूटिंग हो या फिर कुछ और, हर परिस्थिति में मेरा साथ देते हैं। लव यू पापा! हैप्पी फादर्स-डे!' *

### इंस्पायर करती हैं पापा की बातें : हरिति जोशी




सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा के किरदार में हरिति जोशी ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अपने पापा से जुड़ी स्पेशल मेमोरी शेयर करते हुए वह बताती है, 'एक बार मैं अपने पापा और पूरी फैमिली के साथ घूमने गई थी। उस दिन हमने साथ में गेम्स खेले, खूब मस्ती की। बहुत सारी तस्वीरें खिंचवाईं और अपनी पसंदीदा चीजें भी खाईं। हम सबने मिलकर इतना अच्छा टाइम स्पेंड किया कि वह दिन मेरी सबसे खूबसूरत यादों में शामिल हो गया।' हरिति को अपने पापा की कही बातें बहुत इंस्पायर करती हैं, वह बताती है, 'मेरे पापा कहते हैं, अपने काम हमेशा मेहनत और ईमानदारी से करना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम कभी बेकार नहीं जाता।' फादर्स-डे के लिए हरिति ने क्या कुछ स्पेशल प्लान किया है, वह बताती है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैं अपने पापा के लिए हाथ से बनाया हुआ एक सुंदर-सा कार्ड और एक छोटा-सा गिफ्ट दूंगी। मैं उनके साथ पूरा दिन स्पेंड करूंगी ताकि उन्हें महसूस हो कि वे मेरे लिए कितने स्पेशल हैं।' फादर्स-डे पर हरिति का अपने पापा के लिए स्पेशल मैसेज है, 'पापा, आप मेरे सबसे बड़े हीरो हैं। आप हमेशा मेरा साथ देते हैं, मुझे हिम्मत देते हैं। मेरे हर सपनों पर फेथ करते हैं। इससे मुझे आगे बढ़ने की ताकत मिलती है। हैप्पी फादर्स-डे, पापा! आई लव यू!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## पर्यावरण संरक्षण की सीख देती रोचक कहानियां



बच्चो, तुम्हारे लिए मजेदार शीर्षक वाली एक नई किताब आई है-'जंगल गाने लगा।' इस किताब में तुम्हारे लिए चार बड़ी रोचक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी में हाथियों के आतंक से गांव वाले बहुत परेशान थे। एक दिन गांव वालों ने आपस में मिलकर तय किया कि वे रात में जागकर हाथियों को भगाने के लिए ढोल बजाएंगे और पटाखे छोड़ेंगे। उनकी तरकीब काम आई। हाथियों ने गांव में आना बंद कर दिया। इस तरह गांव वाले खुश थे। उन्हें लगने लगा जैसे कि पूरा जंगल गा रहा है, वे एकजुट होकर नाच रहे हैं। दूसरी कहानी 'हरियाली और खुशहाली' में दो भाइयों मोहन और सोहन ने मिलकर गांव में पहले तालाब खोदा फिर गांव के बुजुर्गों की सलाह और अन्य लोगों की मदद से पूरे गांव की तस्वीर ही बदल दी। अब गांव में हरियाली और खुशहाली दोनों एकसाथ दिखाई देने लगी। तीसरी कहानी 'बरगद की मौत' में बताया गया है कि शुद्ध पर्यावरण के लिए पेड़ों को न केवल लगाना जरूरी है, उनकी देखभाल करना भी जरूरी है ताकि वे बचे रहें। असल में गांव वालों की लापरवाही से हरा-भरा बरगद का पेड़ कटकर गिर गया था। इस घटना से गांव के बच्चों का मन बहुत आहत हुआ। उन्होंने मिलकर संकल्प लिया कि वे गांव में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाएंगे। अंतिम कहानी 'पेड़ों से श्रंगार' भी पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। कहानी कहती है कि अगर धरती पर पेड़ रहेंगे, तो न केवल हम स्वस्थ- सुरक्षित रहेंगे, हमारी अगली पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। जानवरों पर केंद्रित मुखपृष्ठ तो इतना आकर्षक है कि किताब देखते ही इसे उठाकर पढ़ने का मन करता है। *

**किताब:** जंगल गाने लगा (बालकथा संग्रह), **लेखक:** अंकुश्री
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-210



1. देश के अगले आर्मी चीफ कौन होंगे?
2. 23वें फीफा वर्ल्ड कप 2026 का उद्घाटन कहां किया गया?
3. हाल में पीएम नरेंद्र मोदी को किस देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया?
4. भारतीय सेना में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?
5. इसरो का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. ताजमहल का निर्माण किस मुगल शासक ने करवाया था?
7. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
8. विद्युत धारा का एसआई मात्रक क्या है?
9. भारत का पहला सुपर कंप्यूटर कौन-सा था?
10. हॉकी में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?

बच्चो, जीके क्विज-210 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-209 का उत्तर :** 1.आर. प्रज्ञानंदा, 2.डी.के. शिवकुमार, 3.ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया, 4.योगासन, 5.अश्विनी वैष्णव, 6.हाइड्रोजन, 7.कर्जन, 8.टोकोफेरॉल, 9.ग्यानिमिड, 10.21 जून


**जीके क्विज-209 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-गरियाबंद, कबीर-हिसार, साहिल-ईमेल से, हरि कृष्ण-लुधियाना, कमल-रायपुर, सुदीप-बिलासपुर, प्रिया-बलौदा बाजार, सुमंत-महासमुंद, जिया-दुर्ग, किशन-रोहतक, संचिता-भोपाल



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

जरा-सी तबीयत बिगड़ी नहीं कि वैभव स्कूल जाना बंद कर देता। वह छोटी-छोटी तकलीफों को बहुत बड़ी तकलीफ मान लेता था। लेकिन एक दिन जब उसने देखा, पापा के हाथ में फ्रैक्चर होने पर भी उन्होंने अपने काम बंद नहीं किए, बोले, 'शो मस्ट गो ऑन!' वैभव को यह बात कितनी समझ में आई, क्या उसमें कोई बदलाव आया?

# पापा ने कहा शो मस्ट गो ऑन!


एआई इमेज

वैभव पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था, क्योंकि उसके दांत में दर्द था। हालांकि दर्द हल्का ही था, बहुत तेज नहीं था, लेकिन जब मम्मी ने दांत पर लौंग का तेल लगा दिया तो दर्द और कम हो गया था, लेकिन वैभव की आदत थी कि वह ऐसी छोटी-मोटी तकलीफों को भी बहुत बड़ी समस्या मान लेता था। अब दांत के इसी दर्द के कारण वह न सिर्फ स्कूल से छुट्टी पर था, बल्कि शाम को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने भी नहीं जा रहा था।

वैभव को कभी हल्का-सा बुखार हो जाता या छोटी-मोटी चोट लग जाती या फिर हल्का-सा पेटदर्द हो जाता, वह स्कूल जाना और दोस्तों के साथ खेलना बंद कर देता था। सारा दिन बीमारों की तरह बिस्तर पर ही पड़ा रहता था। मम्मी-पापा उसे बहुत समझाते कि इस तरह की छोटी-मोटी तकलीफों को इतना बड़ा समझना ठीक नहीं है, मगर उनकी इन बातों का उस पर कोई असर नहीं होता था।

शाम को वैभव बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी पापा अपनी दुकान बंद करके घर वापस आए। उसके पापा संगमरमर की मूर्तियों का व्यापार करते थे। वैभव ने देखा कि उनकी दाईं कलाई पर प्लास्टर लगा हुआ है। मम्मी के पूछने पर पापा ने बताया, 'दोपहर को दुकान के शेल्फ में रखते वक्त एक बड़ी मूर्ति मेरी दाईं बांह पर गिर गई थी। खून तो नहीं निकला, लेकिन चोट के कारण कलाई में बहुत तेज दर्द होने लगा, मुझे डॉक्टर के पास जाना पड़ा। डॉक्टर ने मुआयना करके एक्स-रे करवाया तो पता चला कि मेरी दाईं कलाई में हल्का-सा फ्रैक्चर हो गया है। इसलिए डॉक्टर ने मेरी कलाई पर चार हफ्ते के लिए प्लास्टर लगा दिया है।' यह सब जानकर वैभव ने पूछा, 'पापा, अब तो चार हफ्ते तक दुकान बंद रहेगी न!'

'बंद क्यों रहेगी दुकान?' पापा हैरानी से बोले।

'क्योंकि, आप चार हफ्ते तक दुकान पर जा नहीं सकेंगे न।' वैभव बोला।

उसकी बात सुनकर पापा ने जानना चाहा, 'यह तुमसे किसने कहा कि मैं अगले चार हफ्ते तक दुकान पर नहीं जा पाऊंगा?'

'आपको चोट जो लगी है न पापा, आपको प्लास्टर भी लगा हुआ है।' वैभव ने जवाब दिया।

'ठीक है बेटा, चोट लगी है और प्लास्टर भी लगा है, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि मैं चार हफ्ते के लिए दुकान बंद करके घर पर बैठ जाऊं।' पापा धीरज के साथ बोले।

'लेकिन पापा, फिर आप ठीक कैसे होंगे?' वैभव को पापा की बात समझ में नहीं आ रही थी।

'बेटा, डॉक्टर ने मुझे पूरे चार हफ्ते के लिए बिस्तर पर आराम करने के लिए थोड़ी न कहा है! बांह पर लगे प्लास्टर का ध्यान रखते हुए मैं सब काम करता रहूंगा। दुकान पर भी जाऊंगा। हां, अगर किसी से थोड़ी-बहुत मदद लेनी पड़ी तो जरूर लूंगा। बेटा, चाहे कैसी भी रुकावटें हों, कोई काम नहीं रुकना चाहिए। शो मस्ट गो ऑन!' पापा मुस्कराते हुए बोले।

थोड़ी देर बाद वैभव ने देखा कि पापा ने बाएं हाथ से अपने जूते उतारे और मुंह-हाथ धोकर कपड़े बदले। फिर टीवी का रिमोट उठाकर कुर्सी पर बैठ गए और बाएं हाथ से टीवी के चैनल बदलने लगे। मम्मी पानी का गिलास लेकर आईं तो उन्होंने बाएं हाथ से गिलास ले लिया। फिर थोड़ी देर बाद चाय के मग को भी बाएं हाथ से पकड़ा। रात का खाना भी उन्होंने उसी हाथ से खाया। पापा को अपना बायां हाथ इस्तेमाल करते हुए देख वैभव यही सोच रहा था कि दाईं कलाई पर चोट लगी होने के कारण पापा बाएं हाथ का प्रयोग कर रहे हैं।

अगली सुबह पापा को दुकान पर जाने के लिए तैयारी करते देख वैभव बिस्तर से उतरा और रसोई में काम कर रहीं मम्मी के पास जाकर बोला, 'मम्मी, मेरा स्कूल का टिफिन भी तैयार कर देना, मैं स्कूल जाऊंगा।'

'लेकिन तुम्हारे दांत का दर्द अब ठीक है क्या?' मम्मी को मालूम था कि ऐसी कोई छोटी-मोटी तकलीफ होने पर वैभव तीन-चार दिनों तक स्कूल नहीं जाता था।

'मम्मी, दर्द तो हल्का-सा है अभी, लेकिन मुझे पापा ने बहुत बड़ी सीख दे दी है। पापा बांह में फ्रैक्चर होने पर भी सभी काम कर रहे हैं, दुकान पर भी जा रहे हैं, तो फिर मैं इस हल्के-से दांत दर्द की वजह से क्यों घर बैठा रहूं? मुझे समझ आ गया है- शो मस्ट गो ऑन!'

बाहर वॉश बेसिन के सामने बाएं हाथ से दाढ़ी बनाते हुए पापा ने वैभव के मुंह से यह सब सुना तो मुस्कुरा पड़े। *


एआई इमेज

कविता
सिराज अहमद

## मैं पापा की जान

पापा मेरे सच्चे साथी
मैं पापा की जान।
कभी-कभी गुस्सा करते हैं
जब गलती हो जाए
लेकिन अगले पल हंसकर
मुझको गले लगाएं
चीजें मुझे दिलाएं सारी
ले जाकर दुकान।
उनके कंधों पर मैं बैठूं
जब भी मेले जाऊं
दुनिया देखूं, ऐसी खुशियां
और कहीं न पाऊं
पापा अकसर कहते मुझसे
मैं उनकी पहचान।
मेहनत और मशक्कत से वह
बिल्कुल न घबराते
कभी टेंशन में रहते भी
हमको नहीं बताते
प्यारे पापा आप हमारे
इस घर की हैं शान।

## रंग भरो-204

रंग भरो-204 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।



दिव्या, बिलासपुर


आयांश, दुर्ग


पलक, अटेली मंडी


नंदिनी, उमरिया


साक्षी, रायपुर


सिद्धि, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

वर्णिका-खैरागढ़, दिशा-बिलासपुर, श्रेया-दुर्ग, सचिन-रोहतक, रोहित-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, डॉली-दुर्ग, दीपक-जांजगीर, सौम्या-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, प्रिया-कोरबा

## रंग भरो 205



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपने पापा को फादर्स-डे के मौके पर गिफ्ट दे रहे हैं। इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

प्रथम चरण में कई निर्माणों पर अतिक्रमण के संकेत, लगाए लाल निशान

# भूना शहर के तालाबों की भूमि से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू

**होटल, धर्मशाला और दुकानों तक फैला कब्जा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

शहर के तालाबों की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए वीरवार को पहले चरण में वार्ड नंबर-10 स्थित गैर मुमकिन जोहड़ के खसरा नंबर 853 की करीब 20 एकड़ भूमि की निशानदेही शुरू कर दी। आधुनिक डीजीपीएस मशीन के माध्यम से राजस्व विभाग की टीम ने तालाब की वास्तविक सीमा का निर्धारण करते हुए कब्जे वाले स्थानों को चिन्हित किया। निशानदेही पूरी होने के बाद शहर के तीनों तालाबों की भूमि से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। राजस्व विभाग के कानूनगो सरदार करनैल सिंह और पटवारी सुरेंद्र सिंह ने नगर पालिका कर्मचारियों के सहयोग से दिनभर सीमांकन कार्य किया। टीम ने जिन स्थानों पर प्रथम दृष्टि में तालाब की भूमि पर अतिक्रमण पाया, वहां लाल निशान लगाकर उन्हें चिन्हित किया। नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता अरुण कुमार, लिपिक कृष्ण कुमार छिंपा सहित अन्य कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे। प्रारंभिक निशानदेही के दौरान हिसार रोड स्थित तालाब क्षेत्र के आसपास कई धर्मशालाओं, होटलों, बैंक भवनों और दुकानदारों द्वारा पीछे की ओर निर्माण कर अतिक्रमण किए जाने के संकेत मिले हैं। अधिकारियों के अनुसार पहले दिन करीब 50 प्रतिशत क्षेत्र की निशानदेही हुई, जिसमें संभावित कब्जाधारियों की लंबी सूची सामने आई है।




**भूना।** वार्ड नंबर-10 स्थित गैर मुमकिन जोहड़ की भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित करते कानूनगो सरदार करनैल सिंह, पटवारी सुरेंद्र सिंह व अन्य कर्मचारी

### 40 एकड़ जमीन के करीब कब्जों की मिली शिकायतें

राजस्व विभाग अब पूरे जोहड़ क्षेत्र का विस्तृत सीमांकन कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करेगा। इसके बाद रिपोर्ट तैयार कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार शहर के तीनों तालाबों की लगभग 82 एकड़ भूमि पर 40 एकड़ के करीब कब्जों की शिकायतें हैं, जिनकी जांच की जा रही है। शहरवासियों ने तालाबों की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि जोहड़ों पर हुए कब्जों के कारण बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या बढ़ जाती है। उन्होंने मांग की कि इस मामले में वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। वहीं फतेहाबाद के उपायुक्त डॉ. विवेक भारती द्वारा सार्वजनिक जल स्रोतों की भूमि को मुक्त कराने के निर्देशों की भी लोगों ने सराहना की है। प्रशासन इस अभियान को जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा से जोड़कर देख रहा है।

# मिड डे मील वर्कर्स ने फूंका सरकार का पुतला

## मांगें लागू न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मिड डे मील वर्कर्स यूनियन (सीटू) से संबद्ध कार्यकर्ताओं ने वीरवार को अपनी लंबित मांगों को लागू न किए जाने के विरोध में हरियाणा सरकार और शिक्षा विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सरकार का पुतला फूंका गया तथा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन की जिलाध्यक्ष संतोष रानी ने की। इस अवसर पर यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष राजरानी ने कहा कि सरकार द्वारा पूर्व में मानी गई मांगों को भी लागू नहीं किया गया है, जिसके कारण प्रदेशभर की मिड डे मील वर्कर्स में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि आंदोलन के अगले चरण के तहत 4 अगस्त 2026 को मुख्यमंत्री के गृह जिले कुरुक्षेत्र में राज्यस्तरीय हड़ताल की जाएगी। उसी दिन मुख्यमंत्री आवास पर लगातार पड़ाव शुरू किया जाएगा। इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गईं तो 10 अगस्त को जिला स्तर पर जेल भरो आंदोलन चलाया जाएगा। राजरानी ने कहा कि मिड डे मील योजना केंद्र सरकार की योजना है, लेकिन पिछले 11 वर्षों से वर्कर्स के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हुई है। वर्तमान में उन्हें मात्र 7,000 रुपये मासिक मानदेय मिलता है, जो महंगाई के दौर में बेहद कम है। कई-कई महीनों तक मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता और कई स्थानों पर कटौती भी की जा रही है।



### श्रमिक वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा: संतोष

जिलाध्यक्ष संतोष रानी ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण गरीब और श्रमिक वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राशन कार्डों की कटौती, बिजली दरों में वृद्धि और स्कूलों के विलय जैसी नीतियों का असर सीधे मिड डे मील वर्कर्स पर पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में हजारों सरकारी स्कूल बंद किए जा चुके हैं और चिराग योजना के नाम पर सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। प्रदर्शन को बसंती, किरण, एडवोकेट बलबीर कौर, रमेश सैनी, निर्मल सिंह, ललित सोलंकी, हमजिंद्र सिंह, नीतू, सरोज, गुरमीत कौर, सत्या, नवजोत कौर, मीना, लक्ष्मी सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया और आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया।

### चेयरमैन बनने पर बलदेव ग्रोहा को दी शुभकामनाएं

**रतिया।** हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में रतिया के वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव ग्रोहा को हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर रतिया क्षेत्र में उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। मां शीतला मंदिर ट्रस्ट, रतिया के सदस्यों ने बलदेव ग्रोहा को चेयरमैन बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उनके निवास स्थान पहुंच कर शुभकामनाएं दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। मां शीतला मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने विश्वास जताया कि उनकी कार्यशैली और अनुभव का लाभ प्रदेश के जरूरतमंद लोगों को मिलेगा।



### श्री राम आश्रम शिव मंदिर महिला मंडल ने लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील

**रतिया।** मानव सेवा ही माधव सेवा है, इस भाव को चरितार्थ करते हुए श्री राम आश्रम शिव मंदिर महिला मंडल, रतिया ने भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। चिलचिलाती धूप में जब हर कोई पानी के लिए तरस रहा था, तब मंदिर प्रांगण के बाहर महिला मंडल की सदस्यों ने प्रेम और श्रद्धा से राहगीरों को शरबत पिलाया। ठंडे-मीठे जल को पाकर राहगीरों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने महिला मंडल के इस पुण्य कार्य की दिल से सराहना की। इस अवसर पर पंडित केशव शास्त्री एवं पंडित नवीन शास्त्री ने कहा कि गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा धर्म है। यह छबील केवल पानी नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और भाईचारे का संदेश दे रही है। श्री राम आश्रम शिव मंदिर महिला मंडल की सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ इस सेवा कार्य में भाग लिया।

### राइस मिल से चावल व ग्वार सीड चोरी मामले में दो आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** राइस मिल से चावल व ग्वार सीड चोरी करने के मामले में जाखल पुलिस ने दो युवकों को काबू किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान बाजीगर बस्ती जाखल निवासी अजय उर्फ चूहा पुत्र सुभाष तथा गुरुद्वारा बस्ती जाखल निवासी सतगुर सिंह पुत्र सुखचैन सिंह के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि जाखल मंडी निवासी अमन गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनके पिता के नाम से दलीप चंद राइस एंड जनरल मिल संचालित है। शिकायतकर्ता के अनुसार 12 जून की रात अज्ञात व्यक्तियों ने राइस मिल से करीब 18 से 20 कट्टे चावल एवं ग्वार सीड चोरी कर लिए।

# कबाड़ व्यापारी से मारपीट, नकदी और दस्तावेज छीने, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना क्षेत्र के गांव धारसूल कलां के समीप कबाड़ व्यापारी से मारपीट कर नकदी व दस्तावेज छीनने का मामला सामने आया है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव ढेर निवासी भूपेंद्र उर्फ पिंदू पुत्र गुरजंत सिंह और गुल्लरवाला निवासी हैप्पी पुत्र बलविंदर के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि आंकावाली निवासी पम्मा राम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि वह फेरी लगाकर कबाड़ खरीदने का काम करता है। 17 जून को वह धारसूल कलां से कबाड़ खरीदकर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान धारसूल-कुलां रोड पर नहर पुल के पास सफेद रंग की स्कूटी पर सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसके कुर्ते की जेब से पर्स छीनकर मौके से फरार हो गए।



# झलनियां से सीसीटीवी चोरी, कार्रवाई की मांग

## उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े और बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। डीसी डॉ. विवेक भारती वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान आम जन की समस्याओं को सुन रहे थे। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। समाधान शिविर में काजलहेड़ी के ग्रामीणों ने गली पक्की करने, झलनियां निवासी जितेंद्र ने सीसीटीवी कैमरे चोरी होने पर कानूनी कार्रवाई करने तथा अन्य नागरिकों ने बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र में आय कम करने, सामाजिक पेंशन दिलवाने बारे शिकायत रखी।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

### सोमवार और गुरुवार लगाया जाता है शिविर

जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है, उन्हें रिजेक्ट की श्रेणी में डाले। समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने का एक प्रभावी माध्यम है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि समाधान शिविर जनसेवा का सशक्त माध्यम है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुडी बाधाओं को दूर करना और जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# हड्डारोड़ी में मृत गोवंश का चमड़ा उतारने व हड्डियां बेचने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

उकलाना रोड स्थित हड्डारोड़ी में मृत गाय, बछड़ों और नंदियों का चमड़ा उतारने तथा उनकी हड्डियां बेचने के कथित मामले को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन पर कार्रवाई में ढिलाई बरतने का आरोप लगाते हुए सोमवार से नगर पालिका कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। शिकायतकर्ता ओमप्रकाश ओला और सरजीत जाखड़ ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। ऐसे में मृत गोवंश के अवशेषों के साथ इस प्रकार का व्यवहार धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। उनका आरोप है कि हड्डारोड़ी में मृत गायों, बछड़ों और नंदियों का चमड़ा उतारकर तथा उनकी हड्डियां बेचकर अवैध कारोबार किया जा रहा है, जो धार्मिक मान्यताओं के विपरीत है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्थानीय प्रशासन सहित उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं। बावजूद इसके अब तक संबंधित लोगों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि मामले को लेकर कई बार प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

# वंदे भारत और बनारस एक्सप्रेस की मांग

## रेलमंत्री से मिली पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल

- भाजपा नेता सुभाष खिलेरी ने पूर्व सांसद का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद व भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनीता दुग्गल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने सिरसा और आसपास के क्षेत्रों के विकास तथा रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण मांग पत्र सौंपे और सिरसा रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण सहित कई अन्य रेल परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष खिलेरी ने बताया कि पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल लगातार सिरसा लोकसभा क्षेत्र की जनता के हितों के लिए संघर्ष कर रही हैं। सुभाष खिलेरी ने क्षेत्रवासियों की पुरजोर आवाज को केंद्रीय स्तर पर उठाने के लिए पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। खिलेरी ने कहा कि इन मांगों के पूरे होने से सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और आसपास के जिलों के व्यापारियों, किसानों, छात्रों और श्रद्धालुओं को बहुत बड़ा फायदा पहुंचेगा।



**फतेहाबाद।** रेलमंत्री को मांग पत्र सौंपते पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल।

### रेल मंत्री जल्द ही बड़ी सौगात देंगे : खिलेरी

सुभाष खिलेरी ने आगे बताया कि दूसरे मांग पत्र के माध्यम से सुनीता दुग्गल ने आगरा कैंट/मथुरा से गंगानगर तक नई दिल्ली, रोहतक, भिवानी, हिसार, सिरसा, बठिंडा होते हुए वंदे भारत ट्रेन के संचालन की अत्यधिक आवश्यकता जताई है। इस ट्रेन के चलने से पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के बीच जुड़ाव बेहतर होगा। साथ ही यह आधुनिक ट्रेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा बचाओ अभियान को भी गति प्रदान करेगी। रेल मंत्री से मुलाकात के बाद पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा, सिरसा क्षेत्रवासियों की सेवा करना मेरा पहला कर्तव्य है और यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष खिलेरी ने विश्वास जताया कि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इन महत्वपूर्ण और जनहित की मांगों पर जल्द ही सकारात्मक रुख अपनाते हुए क्षेत्र को बड़ी सौगात देंगे।

### 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

**फतेहाबाद।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को उपमंडल टोहाना में विभिन्न योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग के अनुरूप उपमंडल से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक योग गतिविधियां आयोजित कर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर नायब तहसीलदार अनिल कुमार ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके व्यवस्थाओं बारे चर्चा की और रूपरेखा तैयार करके इस कार्यक्रम को भव्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी होनी चाहिए।

# वाल्मीकि सेवा समिति की बैठक, गौरव रत्ति सर्वसम्मति से चुने कार्यवाहक प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वाल्मीकि सेवा समिति, फतेहाबाद की बैठक महासचिव अशोक कुमार रत्ति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सक्रिय सदस्यों ने हिस्सा लिया और संगठन की मजबूती को लेकर अपने-अपने विचार साझा किए। बैठक के एजेंडे के तहत सबसे पहले समिति की अब तक की सामाजिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही आगामी समय में आयोजित होने वाले धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान चालू वित्तीय वर्ष का पूरा लेखा-जोखा और आय-व्यय का ब्यौरा सदन के पटल पर रखा गया, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने चर्चा के बाद ध्वनिमत और सर्वसहमति से पारित कर दिया। वित्तीय पारदर्शिता को लेकर सभी सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। बैठक में समिति के प्रधान अशोक सरबटा का कार्यकाल पूरा होने पर उन्होंने अपने पद से इस्तीफा सौंप दिया, जिसके बाद समिति के सदस्यों द्वारा उन्हें प्रधान पद से ससम्मान विदाई दी गई।



**फतेहाबाद।** वाल्मीकि सेवा समिति के कार्यवाहक प्रधान चुने गए गौरव रत्ति को बधाई देते सदस्य।

# सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से मिले कर्ण चौटाला, मताना पहुंचकर दी सांत्वना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजस्थान में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में गांव मताना निवासी ओमप्रकाश के परिवार के सात सदस्यों के निधन के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में युवा इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्ण चौटाला वीरवार को गांव मताना पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। कर्ण चौटाला ने परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें इस दुख की घड़ी में हिम्मत बनाए रखने का संदेश दिया तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इस कठिन समय में पूरा समाज और इनेलो परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सभी को एकजुट होकर परिवार का सहारा बनना चाहिए। उन्होंने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।



**फतेहाबाद।** गांव मताना पहुंचकर शोक जताते इनेलो नेता।

साइबर ठगों के नेटवर्क पर फतेहाबाद पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक

# एक महीने में रिकवर किए 20.78 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में सक्रिय साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने चौतरफा घेराबंदी करते हुए उनके नेटवर्क को कड़ा झटका दिया है। पुलिस कप्तान निकिता खट्टर के कड़े रुख के बाद हरकत में आई साइबर सेल और स्थानीय थानों की टीमों ने महज एक महीने के भीतर ठगों के चंगुल से 20 लाख 78 हजार 698 रुपये की मोटी रकम रिकवर कर सीधे पीड़ितों के बैंक खातों में रिफंड करा दी है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, नए एसपी के पदभार संभालते ही जिले में साइबर ठगों के खिलाफ एक विशेष रणनीति के तहत क्रैकडाउन शुरू किया गया था। इसके तहत जिले के हर थाने में दो-दो तकनीकी रूप से एक्सपर्ट पुलिसकर्मियों को तैनात कर सीधे अपराधियों के डिजिटल फुटप्रिंट्स को ट्रैक करने का जिम्मा सौंपा गया। अपराधियों की धरपकड़ और ठगी की रकम को फ्रीज कराने के लिए पुलिस लाइन के सभागार में एक हाई-लेवल क्राइम रिव्यू मीटिंग भी बुलाई गई, जिसमें एसपी निकिता खट्टर ने मातहतों को साफ निर्देश दिए कि ठगी की सूचना मिलते ही सबसे पहले नेशनल साइबर हेल्पलाइन 1930 के जरिए रकम को ब्लॉक कराया जाए।



**फतेहाबाद।** एसपी निकिता खट्टर।

### इसी आक्रामक अंदाज में आगे भी जारी रहेगा अभियान

पुलिस की इस चौतरफा घेराबंदी में सबसे बड़ी कामयाबी साइबर थाना फतेहाबाद को मिली, जिसने अकेले 14 लाख 57 हजार 698 की रिकवरी की। इसके अलावा थाना शहर टोहाना ने 1 लाख 44 हजार 100, थाना शहर फतेहाबाद ने 97 हजार 500, थाना जाखल ने 80 हजार, सदर टोहाना ने 49 हजार, शहर रतिया ने 44 हजार 200, भट्टू कलां ने 43 हजार 100 और सदर रतिया पुलिस ने 4,800 की ठगी गई राशि को अपराधियों के खातों से खींचकर वापस निकाला। 12 मई से 11 जून के बीच चलाए गए इस कड़े अभियान से साइबर अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस कप्तान ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए चेतावनी दी है कि डिजिटल अरेस्ट, फर्जी इन्वेस्टमेंट, ऑनलाइन लोन और लॉटरी के नाम पर जाल बुनने वाले गिरोहों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने साफ किया है कि साइबर क्रिमिनल्स के खिलाफ यह अभियान आगे भी इसी आक्रामक अंदाज में जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### पंचायत भवन में आज जन कल्याण शिविर लगेगा

**सिरसा।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा 19 जून को स्थानीय पंचायत भवन परिसर में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जो आमजन को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही पात्र नागरिकों का विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए पंजीकरण भी किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। जनकल्याण शिविर के दौरान लोगों की समस्याएं और शिकायतें भी सुनी जाएंगी।

### फतेहाबाद में रोजगार मेला 20 को

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 20 जून को डीपीआरसी हॉल में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा योजनाएं तथा कौशल विकास पर केन्द्रित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग तथा हरियाणा कौशल विकास निगम के साथ-साथ निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए एसआईएस सरहिन्द, विश्वकर्मा इंजीनियरिंग वर्कस सहित अन्य कंपनियां हिस्सा लेगी।

### भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

**फतेहाबाद।** केंद्रीय विद्यालय, बड़ोपल में आयोजित किए गए सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने गुजराती भाषा के शब्द, वाक्य, गीत, संवाद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास किया। इस शिविर के अंतर्गत विद्यार्थियों को गुजराती भाषा एवं संस्कृति से परिचित कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार सिंह ने विद्यालय खुलने पर विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए नई भाषाओं के अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं का ज्ञान विद्यार्थियों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक व विविधता से जोड़ता है तथा राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाता है।

## रतिया में सीएम फ्लाइंग का बड़ा एक्शन

# 20 से ज्यादा सर्विस स्टेशनों पर गिरेगी गाज, पानी की बर्बादी पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

शहर में पीने के पानी की बर्बादी और अवैध वॉटर कनेक्शनों का इस्तेमाल करने वाले कमर्शियल सेंटरों के खिलाफ प्रशासन ने अब पूरी तरह से कमर कस ली है। मुख्यमंत्री उडनदस्ता हिसार को मिली गंभीर शिकायतों के बाद, रतिया के 20 से अधिक प्रमुख सर्विस स्टेशनों पर बड़े स्तर पर छापेमारी और भौतिक जांच का अभियान शुरू होने जा रहा है।

नियमों की अनदेखी करने वाले सर्विस स्टेशनों के पानी के कनेक्शन तुरंत काटे जाएंगे और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने इस विशेष अभियान की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि विभाग को मुख्यमंत्री उडनदस्ता, हिसार द्वारा इस संबंध में आधिकारिक पत्र और कड़े निर्देश प्राप्त हुए हैं। उप पुलिस अधीक्षक, सीएम फ्लाइंग, हिसार ने टोहाना के कार्यकारी अभियंता को पत्र लिखकर तुरंत इन सर्विस स्टेशनों का भौतिक निरीक्षण करने और नियमानुसार कार्रवाई की रिपोर्ट जल्द से जल्द सौंपने को कहा है।



रतिया। अभियान को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते विभाग के जिला सलाहाकार शर्माचंद लाली। फोटो: हरिभूमि

### औचक निरीक्षण करने की तैयारी

प्रशासन द्वारा तैयार की गई सूची के अनुसार, रतिया क्षेत्र के निम्नलिखित सर्विस स्टेशनों पर विशेष टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया जाएगा। इनमें टोहाना रोड स्थित गुरु नानक सर्विस स्टेशन, गुरु कृपा सर्विस स्टेशन, नरेन्द्र सर्विस स्टेशन और फ्रेंड्स कार वाश, बाईपास क्षेत्र में जोना सर्विस स्टेशन और जय दुर्गा सर्विस स्टेशन, फतेहाबाद रोड पर सचदेवा सर्विस स्टेशन, खोखर कार वाश और सतगुरु कार वाश, सरदूलगढ़ रोड पर खोखर सर्विस स्टेशन, कमल सर्विस स्टेशन और बाला जी सर्विस स्टेशन, मिनी बाईपास पर मंगला सर्विस स्टेशन और भोला कार वाश के अलावा बुढलाडा रोड पर दलेर कार वाश, सुखचैन नहर के ऊपर ढिल्लो सर्विस स्टेशन और सहनाल रोड पर स्थित विश्वकर्मा सर्विस स्टेशन शामिल हैं।

### जल संकट और बर्बादी पर लगेगा अंकुश

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शहर में पीने के पानी की सप्लाई पर कई सर्विस स्टेशन अवैध रूप से गाड़ियां धोने का काम कर रहे हैं। इस अवैध गतिविधि के कारण भारी मात्रा में जल संसाधनों की बर्बादी हो रही है, जिससे आम जनता तक पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रहा है। इस बर्बादी को रोकने और अवैध कनेक्शनों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए यह सख्त कदम उठाया जाना बेहद जरूरी हो गया था। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नियमों की अनदेखी करने वाले किसी भी प्रतिष्ठान संचालक को बख्शा नहीं जाएगा।

**समय सीमा के भीतर सौंपनी होगी रिपोर्ट :** मुख्यमंत्री उडनदस्ते के सख्त निर्देशों के मुताबिक, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, टोहाना को इस पूरी जांच प्रक्रिया की विस्तृत रिपोर्ट एक निश्चित समय सीमा के भीतर तैयार करके उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हिसार को सौंपनी अनिवार्य है।





भूना। राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोरखपुर। फोटो: हरिभूमि

## गोरखपुर कन्या स्कूल में शुरू होगी साइंस स्ट्रीम

# अब बेटियों को विज्ञान पढ़ने के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

जिले के गांव गोरखपुर के राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। हरियाणा सरकार ने इस स्कूल में साइंस स्ट्रीम शुरू करने की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। पूरे फतेहाबाद जिले में केवल गोरखपुर के ही इस सीनियर सेकेंडरी स्कूल को यह मंजूरी मिली है। दरअसल, गांव की ग्राम पंचायत ने पिछले महीने 19 मई 2026 को एक विशेष प्रस्ताव पारित किया था। प्रस्ताव में यह चिंता जताई गई थी कि गांव के गर्ल्स स्कूल में साइंस स्ट्रीम न होने के कारण, 10वीं कक्षा पास करने वाली होनहार छात्राओं को आगे विज्ञान की पढ़ाई के लिए गांव से बाहर दूर-दराज के स्कूलों में जाना पड़ता था। इससे छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पंचायत ने इस प्रस्ताव की कॉपी निदेशक, सेकेंडरी एजुकेशन, पंचकूला को भेजकर स्कूल में जल्द से जल्द साइंस स्ट्रीम शुरू करने की मांग की थी। मांगी पूरी होने से लोग खुश है।

### सरपंच ने जताया आभार

इस कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए गांव के सरपंच डॉ. मनदीप योगी गोरखपुरिया ने कहा, हमारी ग्राम पंचायत ने 19 मई 2026 को शिक्षा विभाग के निदेशक को प्रस्ताव भेजा था। सरकार ने छात्राओं के भविष्य और गांव की इस जायज मांग को देखते हुए तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की और हमारी मांग पूरी कर दी। सरपंच ने इसके लिए ग्राम पंचायत की तरफ से हरियाणा सरकार की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और आभार जताया। इसके साथ ही उन्होंने समस्त ग्रामवासियों, स्कूल के कुशल शिक्षक वर्ग और सभी छात्राओं को इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# हर स्वस्थ व्यक्ति साल में दो बार अवश्य करे रक्तदान : एसपी

- स्वर्णकार समाज व जिला पुलिस प्रशासन के संयुक्त रक्तदान शिविर में 30 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित

**सिरसा।** रक्तदान को महादान बताते हुए जिला पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि रक्त ही एकमात्र ऐसी चीज है जिसे किसी फैक्ट्री में तैयार नहीं किया जा सकता। इसका एकमात्र विकल्प स्वैच्छिक रक्तदान है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। वे वीरवार को स्वर्णकार समाज वेलफेयर सोसायटी (रजि.) सिरसा एवं जिला पुलिस प्रशासन की ओर से शिव शक्ति ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। सोसायटी के संस्थापक सुखविंद्र सोनी ने बताया कि शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद चेयरमैन शांति स्वरूप तथा सरपरस्त के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह उपस्थित रहे।

### सबसे बड़ी सेवा

अपने संबोधन में एसपी दीपक सहारण ने कहा कि गर्मियों के मौसम में रक्त की मांग बढ़ जाती है। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों, सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों तथा प्रसूता महिलाओं को समय-समय पर रक्त की आवश्यकता पड़ती है। कई बार रक्त की कमी के कारण मरीजों की जान पर बन आती है। ऐसे में रक्तदान शिविर समाज के लिए जीवनदायिनी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि परिवार में जन्मदिन, वर्षगांठ और अन्य खुशी के अवसरों पर फिजूलखर्ची करने के बजाय रक्तदान जैसे समाजसेवी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचे। इस दौरान विशाल ढल्ला का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया। शिविर में 30 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिव शक्ति ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहण किया।





सिरसा। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते एसपी दीपक सहारण।

### मुख्य धाम डेरा बाबा भूमणशाह में 19 जून को योग शिविर, मुख्यमंत्री नायब सैनी होंगे मुख्यातिथि

- कार्यक्रम डेरा परिसर में बने शेड के नीचे आयोजित होगा

**सिरसा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य धाम डेरा बाबा भूमणशाह में 19 जून को प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक भव्य योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डेरा के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज करेंगे, जबकि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। डेरे के सेवक सचिव विनोद एडवोकेट ने बताया कि योग शिविर को लेकर डेरा परिसर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम डेरा परिसर में बने विशाल शेड के नीचे आयोजित होगा, जहां हजारों श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर संत बाबा ब्रह्मदास महाराज ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक उन्नति का भी आधार है। उन्होंने कहा कि भारतीय योग पद्धति ने पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है और आज विश्वभर में लोग योग को जीवनशैली का हिस्सा बना रहे हैं। विनोद एडवोकेट ने बताया कि योग दिवस को लेकर संगत में भारी उत्साह है। शिविर में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को योग की महत्ता और उससे होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी, छाया, बैठने तथा वाहनों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा शिविर में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए डेरा बाबा भूमणशाह की ओर से लंगर की भी व्यवस्था रहेगी। डेरा प्रबंधन के अनुसार योग शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है।

## खाराखेड़ी में किसान प्रशिक्षण शिविर

# किसानों को प्राकृतिक खेती व आधुनिक कृषि तकनीकों की दी जानकारी

- धान में झुलसा रोग और भूरा धब्बा रोग से बचाव व उपचार की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

कृषि विभाग द्वारा गांव खारा खेड़ी में किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के किसानों को धान, कपास तथा प्राकृतिक खेती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। शिविर में विशेषज्ञों ने किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने तथा भूमि की उर्वरता बनाए रखने के उपायों से अवगत कराया। शिविर में खंड कृषि अधिकारी डॉ. जय कुमार भोरिया ने किसानों को धान एवं कपास की खेती में बीज चयन से लेकर कटाई तक की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बीज उपचार, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा संतुलित खाद उपयोग पर विशेष जोर देते हुए बताया कि बीज उपचार अपनाने से धान में झुलसा रोग, भूरा धब्बा रोग और जीवाणु पत्ता झुलसा जैसी बीमारियों से प्रभावी बचाव किया जा सकता है। कृषि अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से भूमि की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्राकृतिक खेती न केवल भूमि में जैविक कार्बन बढ़ाती है बल्कि कम लागत में अधिक लाभ, प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग और विषमुक्त उत्पादन भी सुनिश्चित करती है। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान सतीश ने नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्निअस्त्र एवं दशपर्णी अर्क जैसे प्राकृतिक कीट एवं फफूंद नियंत्रण उपायों के अपने अनुभव साझा किए। शिविर में कृषि तकनीकी प्रबंधक किरण, कृषि पर्यवेक्षक मनीष तथा बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।



फतेहाबाद। गांव खारा खेड़ी में किसान प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देते हुए अधिकारी।

### सीडीएलयू : ऑनलाइन एग्जामिनेशन ग्रीवांस मॉड्यूल शुरू

**सिरसा।** विद्यार्थियों की परीक्षा संबंधी समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन एग्जामिनेशन ग्रीवांस मॉड्यूल शुरू किया है। इस नई सुविधा के माध्यम से विद्यार्थी अब घर बैठे अपनी परीक्षा संबंधी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे और उनकी प्रगति की ऑनलाइन निगरानी भी कर पाएंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर राजकुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर विजय कुमार के मार्गदर्शन तथा कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार के सहयोग से इस मॉड्यूल को विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी अपने लॉगिन पोर्टल **onlinecdlu.ac.in** के माध्यम से रिजल्ट नॉट डिक्लेयर, रिजल्ट लेट फॉर अवार्ड, रिजल्ट करेक्शन, इंटरनल असेसमेंट, एब्सेंट, अनफेयर मीन्स केस, डीएमसी नॉट रिसीव्ड सहित अन्य परीक्षा संबंधी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। शिकायत दर्ज करते समय विद्यार्थी आवश्यक दस्तावेज भी अपलोड कर सकेंगे, जिससे शिकायतों के निस्तारण में आसानी होगी। प्रोफेसर राजकुमार ने बताया कि इस मॉड्यूल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि शिकायत दर्ज होने के बाद विद्यार्थी उसकी वर्तमान स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे। साथ ही यह भी पता चल सकेगा कि शिकायत किस अधिकारी या कर्मचारी के पास लंबित है।



# शिक्षक ने 50 दुर्लभ पांडुलिपियों का किया डिजिटलीकरण

- राष्ट्रीय 'ज्ञान भारतम्' परियोजना में शिक्षक पंकज कुमार का उल्लेखनीय योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा संचालित राष्ट्रीय परियोजना ज्ञान भारतम् : राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के तहत सिरसा जिले के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पंकज कुमार ने 50 ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व की पांडुलिपियों का सफलतापूर्वक डिजिटलीकरण कर उन्हें राष्ट्रीय डिजिटल अभिलेख का हिस्सा बनाया है। पंकज कुमार ने जिला स्तर पर चयनित एवं प्रशिक्षित डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्य करते हुए विभिन्न मंदिरों, गुरुद्वारों, संस्थानों और निजी संग्रहकर्ताओं से संपर्क स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने दुर्लभ पांडुलिपियों की पहचान, दस्तावेजीकरण और डिजिटल संरक्षण का कार्य किया। यह प्रयास भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



उन्होंने बताया कि ज्ञान भारतम् परियोजना का मुख्य उद्देश्य देशभर में उपलब्ध पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, संरक्षण और डिजिटलीकरण कर उन्हें भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है। इसी अभियान के तहत प्रत्येक जिले में ऐतिहासिक दस्तावेजों और पांडुलिपियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है।

पंकज कुमार के अनुसार अनेक पांडुलिपियां समय के प्रभाव और रखरखाव के अभाव में क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में पहुंच चुकी हैं। ऐसे में उनका डिजिटलीकरण न केवल इन अमूल्य धरोहरों को सुरक्षित रखने में मदद करेगा, बल्कि शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और आमजन को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने का अवसर भी प्रदान करेगा। इससे आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान प्राप्त होगा।



### सीडीएलयू में गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस मनाया

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के गुरु तेग बहादुर रिसर्च चेयर एवं पंजाबी विभाग द्वारा श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सुखमनी साहिब पाठ एवं छबील वितरण कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर गुरु साहिब को श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार ने अपने संदेश में कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी का जीवन त्याग, धैर्य, सहनशीलता और मानव कल्याण की भावना का प्रतीक है। उनके आदर्श युवाओं को नैतिक मूल्यों के साथ जीवन जीने और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को सहेजने का प्रयास है।

**योग संगोष्ठी आज, 20 जून को फाइनल रिहर्सल**

# 21 जून को होगा भव्य जिला स्तरीय योग दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जिला भर में भव्य रूप से मनाया जाएगा। वीरवार को पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। शिविर में जिला भर से आए आयुष योग सहायकों, चिकित्सकों एवं फार्मासिस्टों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग प्रोटोकॉल का गहन अभ्यास किया। यह विशेष प्रशिक्षण शिविर जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के दिशा-निर्देशों के तहत जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा, योग कोऑर्डिनेटर डॉ. भारती तथा योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए योग प्रशिक्षकों एवं संबंधित कार्मिकों को पूर्ण रूप से प्रशिक्षित करना था।

### डॉ. प्रवीण शर्मा बोले

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि 19 जून को एमएम कॉलेज में जिला स्तरीय विशेष योग संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस संगोष्ठी में योग के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक लाभों पर विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। 20 जून को सुबह 6 बजे एमएम कॉलेज परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का फाइनल योग रिहर्सल आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सभी प्रतिभागी, योग प्रशिक्षक और विभागीय अधिकारी निर्धारित योग प्रोटोकॉल का सामूहिक अभ्यास करेंगे ताकि मुख्य कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा सके। 21 जून को सुबह 6 बजे एमएम कॉलेज में जिला स्तरीय मुख्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, सामाजिक संस्थाएं एवं आमजन भाग लेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

**मिशन** एकीकृत बागवानी विकास मिशन बना किसानों की समृद्धि का आधार

# 12 वर्ष में 10 हजार से अधिक किसान लाभान्वित जिले में 17434 हेक्टेयर में हो रही फलों की खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

कभी परंपरागत खेती तक सीमित रहने वाले सिरसा के हजारों किसानों के लिए केंद्र सरकार की एकीकृत बागवानी विकास मिशन 12 वर्षों में आर्थिक बदलाव और आधुनिक खेती का मजबूत आधार बनकर उभरा है। जल संरक्षण, बागवानी फसलों के विस्तार और सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा देने वाली इस योजना ने पिछले 12 वर्षों में जिले के कृषि परिदृश्य को नई दिशा दी है। इसका परिणाम है कि किसान कम पानी में अधिक उत्पादन और बेहतर आमदनी की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

जिला बागवानी अधिकारी दीन मोहम्मद ने बताया कि वर्ष 2014 से 31 मार्च 2026 तक राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत जिले के 10,684 किसानों को एकीकृत बागवानी विकास मिशन से जोड़ा गया। इस दौरान 17,434 हेक्टेयर क्षेत्र में बागवानी का विस्तार हुआ, जबकि 2,531 वाटर पोंड स्थापित किए गए। इसके अलावा 8,541 हेक्टेयर क्षेत्र में माइक्रो इरिगेशन प्रणाली अपनाई गई, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ उत्पादन क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

उन्होंने बताया कि इस केंद्रीय योजना के सकारात्मक प्रभाव दूर दराज के गांवों में दिखाई दे रहा है। एकीकृत बागवानी विकास मिशन ने न केवल किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा है, बल्कि खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने का रास्ता भी प्रशस्त किया है।



सिरसा। खेतों में निरीक्षण करते विभाग के अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### माइक्रो इरिगेशन से फायदा

उन्होंने बताया कि माइक्रो इरिगेशन योजना के तहत किसान अधिकतम 12.5 एकड़ क्षेत्र तक ड्रिप और स्प्रिंकलर प्रणाली का लाभ ले सकते हैं। इस तकनीक के माध्यम से 50 से 60 प्रतिशत तक पानी की बचत संभव हो रही है, जो खेती के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन किसानों की सोच और खेती के तौर-तरीकों में बदलाव का एक सफल अभियान साबित हुआ है। पिछले एक दशक में इस योजना ने सिरसा के किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़ाकर आधुनिक, वैज्ञानिक और बाजार आधारित खेती की ओर अग्रसर किया है। उन्होंने कहा कि डबवाली के कालुआना खंड का जब उन्होंने दौरा किया तो किसानों ने बताया कि बागवानी से पहले वे तारामिरा जैसी फसलें उगाते थे, जिसमें बहुत कम बचत थी, लेकिन अब किन्नू के बाग के बाद उनकी आय में बड़ी बढोतरी हुई है। इस क्षेत्र में एक हजार एकड़ से अधिक में बागवानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के परिवर्तन वैज्ञानिक बागवानी और सरकारी सहयोग के माध्यम से किसानों की आय में बढोतरी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत वाटर पोंड योजना के तहत किसानों को 75 प्रतिशत तक सहायता प्रदान की जाती है और एक किसान अधिकतम पांच हेक्टेयर क्षेत्र तक इसका लाभ ले सकता है। वहीं सामुदायिक वाटर पोंड योजना में तीन किसानों की भागीदारी जरूरी है और 100 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। इससे वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिला है और सिंचाई के लिए स्थायी जल स्रोत विकसित हुए हैं।